**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री लाल बिहारी यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-03 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 03 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ के ग्राम-पपनामऊ, पोस्ट अनौरा कला में कितने उपभोक्ताओं ने दिनांक 01 जनवरी 2023 से दिनांक 01 फरवरी 2023 के बीच विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था ? | दिनांक 01 जनवरी, 2023 से दिनांक 01 फरवरी, 2023 तक जनपद-लखनऊ के ग्राम-पपनामऊ, पोस्ट-अनौरा कला से 11 आवेदनकर्ताओं ने विद्युत संयोजन हेतु आवेदन किया था। |
| (ख) क्या विद्युत संयोजन हेतु शुल्क/आगणन धनराशि जमा होने के बावजूद भी कई उपभोक्ताओं को विद्युत संयोजन नहीं दिया गया ? | विद्युत संयोजन हेतु शुल्क/आगणन धनराशि जमा होने के उपरान्त 10 संयोजन निर्गत कर दिये गये हैं। 01 संयोजन निरस्त किया गया है क्योंकि भवन निर्माणाधीन है। आवेदनकर्ता को निर्माणाधीन भवन हेतु नियम अन्तर्गत अस्थायी संयोजन के आवेदन की सलाह दी गयी है। |
| (ग) यदि हॉ, तो सरकार की लोकहित भावना के विरूद्ध कार्य करने एवं समय पर विद्युत संयोजन नहीं देने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**